तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 नैला गायत्री मंदिर के पास खुलेगा पुलिस सहायता केन्द्र



## खबर संक्षेप

### अमृत सरोवर तटों पर होगा ध्वजारोहण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर उल्लासपूर्ण माहौल में तिरंगा फहराया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा के तहत निर्मित इन अमृत सरोवरों के तटों पर ध्वजारोहण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक परिचर्चा और जन-जागरूकता रैली जैसी गतिविधियाँ होंगी। इनका उद्देश्य अमृत सरोवरों को न केवल जल संरक्षण का प्रतीक बनाना है, बल्कि उन्हें हरित और स्वच्छ भारत के संकल्प से भी जोड़ना है। इसमें जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के ग्रामीण, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह, मनरेगा जॉब कार्ड धारी परिवार और अधिकारी कर्मचारी सहित सभी हितग्राहियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### कचहरी चौक से हाईस्कूल तक स्वतंत्रता दौड़ कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर से कचहरी चौक होते हुए वापसी शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे से किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में जिले के सभी प्रबुद्धजन, समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र, छात्राएं, एन.सी.सी.कैडेटस, एन.एस.एस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया है।

### जिला भाजपा कार्यालय में तिरंगा यात्रा आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा के समस्त कार्यकर्ताओ से जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बताया है कि मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा द्वारा राष्ट्र व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को रेलवे-स्टेशन नैला से कचहरी चौक जांजगीर तक दोपहर 3 बजे निकलेगी। जिलाध्यक्ष श्री जांगड़े ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ व क्षेत्र के नागरिको से यात्रा मे शामिल होने की अपील की गई है।

### महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम झिरिया एवं कटनई में अवैध महुआ शराब बेच रहे 2 आरोपियों को आबकारी विभाग के द्वारा छापा कार्रवाई करते हुए उसके कब्जे से 17 लीटर महुआ शराब जब्त की है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया व कटनई का है। आबकारी विभाग को मुखबिरों के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम झिरिया मे श्रवण कुमार कुर्रे पिता सौंखी लाल कुर्रे के द्वारा एवं कटनई में राम धनवार पिता सुख सिंह के द्वारा अवैध महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा है। आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमति नीलिमा दीघ्रस्कर के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त-अकलतरा के ग्राम झिरीया निवासी आरोपी श्रवण कुमार कुर्रे पिता सौखीराम के आधिपत्य से 7.8 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब व ग्राम कटनई निवासी आरोपी राम धनवार पिता सुख सिंह के कब्जे से 8.6 लीटर महुआ शराब बरामद होने पर उक्त आरोपियो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क 34(2)59(क ) के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक शिल्पा दुबे एवं मुख्य आरक्षक अनवर मेनन, गणेश चेलकर का योगदान रहा।

# आशीष ने बढ़ाया जिले का मान, भारत का प्रतिनिधित्व कर फ्रांस में दिया प्रेजेंटेशन

## 50 से अधिक देशों से पहुंचे वैज्ञानिक व शोध छात्राओं के बीच रखी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले के मिसदा गांव के आशीष शुक्ला ने अपनी लगन और मेहनत से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में आईआईटी मुंबई से फ्रांस की प्रतिष्ठित बेडुक्स यूनिवर्सिटी में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना प्रेजेटेंशन दिया। इस दौरान 50 से अधिक देशों के वैज्ञानिक और शोधार्थी मौजूद थे। इसके बाद ताईवान सरकार के बुलावे पर वे वैज्ञानिक रिचर्स के लिए गए हुए है।

जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम मिसदा निवासी शिक्षक दंपती सुशील शुक्ला एवं अन्नपूर्णा शुक्ला के सुपुत्र आशीष शुक्ला का शैक्षिक सफर बचपन से ही असाधारण रहा है। उन्होंने नवोदय विद्यालय मल्हार में 5वीं कक्षा के बाद अपनी पढ़ाई जारी रखी। 5वीं बोर्ड परीक्षा में जांजगीर जिले की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान हासिल किया और ज्ञानदीप स्कूल से 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद, आशीष ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने पहले ही प्रयास में जेईई की परीक्षा में सफलता अर्जित की और एनआईटी से बी.टेक की डिग्री प्राप्त की, फिर एमटेक करके उन्होंने गेट की परीक्षा भी अपनी मेहनत से पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर ली। आईआईटी मुंबई से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पीएचडी करने के अपने लक्ष्य को लेकर आशीष ने आईआईटी मुंबई में आवेदन किया और प्रवेश परीक्षा में भी सफलता हासिल की। आईआईटी मुंबई में उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंतर्गत "ओपिनियन डायनामिक्स" विषय पर अपना गहन शोध किया। उनके शोध कार्य की महत्ता को देखते हुए, आईआईटी मुंबई ने उन्हें बेडुक्स यूनिवर्सिटी, फ्रांस में प्रेजेंटेशन देने के लिए भेजा, जहां उन्होंने एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में पचास से अधिक देशों से आए वैज्ञानिकों और शोधकर्ता छात्रों के बीच अपना प्रेजेंटेशन दिया। आशीष के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक सुशील शुक्ला ने बताया कि फ्रांस में प्रेजेटेंशन देने के बाद ताईवान सरकार के बुलावे पर आशीष ताईवान गए हुए है, जहां वैज्ञानिक रिचर्स करेंगे। आशीष की इस उपलब्धि पर घर परिवार के साथ अंचल के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की। इसके साथ ही इसे जिला और प्रदेश के साथ देश के लिए गौरवान्वित करने वाला बताया है।

**खास बात**

- आईआईटी मुंबई से ओपिनियन डायनॉमिक्स विषय पर किया शोध
- फ्रांस में प्रेजेटेंशन देने के बाद ताईवान सरकार से आया बुलावा
- 3 महीने तक ताईवान में करेंगे वैज्ञानिक रिसर्च



## गौधाम बनाने की घोषणा, आदेश का हो रहा इंतजार

# गौठान वीरान, सड़कों पर मवेशियों का डेरा, अफसर डटे हकालने में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सडकों पर मवेशियों का जमावड़ा और हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर न्यायालय की फटकार के उपरांत पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला रात्रि में घुम घुमकर मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधने के साथ उन्हें किनारे लगाने में मशक्कत कर रहा है। दूसरी ओर पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनवाए गए 3 सौ से अधिक गौठान वीरान पड़े हुए है और सडकों पर मवेशियों का जमावड़ा लग रहा है। ऐसे में राज्य सरकार की गौधाम योजना की घोषणा के बाद उसके संचालन का आदेश मिलने का इंतजार हो रहा है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गांव गांव में गौठान बनवाया गया था, जहां मवेशियों को रखने के साथ गोबर खरीदी समेत अनेक कार्यक्रम चलाए गए। इसके बाद वर्ष 2023 में सत्ता परिवर्तन के साथ ही गांव गांव में बने गौठान में ताला लग गया और अघोषित रूप से यह योजना बंद हो गई। इधर गौठान के बंद होने के साथ ही गांव देहात ही नहीं बल्कि शहर के मुख्य मार्गो और राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा होने लगा। जिसके कारण सडक हादसे में बढ़ोतरी हुई। इस मामले को लेकर माननीय न्यायालय के फटकार के बाद पुलिस के साथ प्रशासन का अमला इन दिनों रात्रि गश्त करने में लगा हुआ है। नगर पालिका, नगर पंचायत के साथ ही जनपद के अधिकारी और प्रशासन का अमला पुलिस के साथ पिछले कुछ दिनों से सड़क पर निकलकर मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने में जुट गया है। इसके साथ ही सड़क से उन्हें हटाने का काम भी हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान को लेकर प्रदेश में गौधाम योजना की शुरूआत करने की घोषणा की गई है। जिसके तहत मवेशियों के रहने के लिए छाया, पानी और चरवाहे का इंतजाम किया जाना है। जिले में तकरीबन 3 सौ से अधिक गौठान विरान पड़े हुए है। ऐसे में इस योजना के क्रियान्वयन के साथ ही जहां सड़कों से मवेशियों के जमावड़े के हटने के साथ सालों से बंद पड़े गौठान के भी दिन बहुरने की उम्मीद की जा रही है।



सड़क पर विचरण करते मवेशी।

### कबाड़ हो रहे सामान

पूर्ववर्ती सरकार की महत्वपूर्ण गौठान योजना अंतर्गत रीपा प्रोजेक्ट के आदर्श गौठान में लाखों के सामान कबाड़ तब्दील हो रहे है। अविभाजित जांजगीर चांपा जिले की 9 विकासखंडों में 18 गौठानों को रीपा प्रोजेक्ट में शामिल किया गया था। इसके अंतर्गत करीब दो-दो करोड रुपए यहां खर्च करके युवाओं को रोजगार से जोड़ने दुनिया भर के स्कीम चलाए गए। लाखों की लागत से मशीन खरीदी गई थी। इसी के तहत जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जर्वे और पेण्ड्री में भी रीपा के तहत करोड़ रुपए से अधिक के काम हुए थे, लेकिन वर्तमान में यहां वीरानी छाई हुई है, लाखों की मशीन कबाड़ हो रही है, वहीं अधिकतर सामानों को चोरों की नजर भी लग गई है।

### कर रहे मानिटरिंग

रात में मानिटरिंग की जा रही है। सड़कों पर डटे मवेशियों के गले पर रेडियम पट्टी लगाने के साथ उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाता है। गौधाम योजना के संबंध में अभी कोई आदेश नहीं मिला है। आदेश मिलते ही काम होगा।

-गोकुल रावटे, सीईओ
जिला पंचायत जांजगीर-चांपा

# शराब पीने के विवाद में चाकूबाजी, एक युवक की गई जान, दो को भेजा जेल

## अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



शराब पीने बैठे पांच युवकों में से दो युवकों में शराब की मात्रा को लेकर हुए आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं युवक की उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में दो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 12 अगस्त की है। झलमला निवासी आकाश कुर्रे, करण सोनी एवं बाना निवासी शिव बघेल तरौद स्थित शराब भट्टी से शराब खरीदे। इसके बाद तीनों एक दूसरे से हाथापाई करते हुए आपस में झगड़ा करने लगे। इस घटना में शिव बघेल एवं करण सोनी ने मिलकर आकाश कुर्रे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बिलासपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोपहर 2 बजे से 3 बजे के बीच ग्राम झलमला के पांच युवक केएसके जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट के सामने ग्राम बनाहिल के एक बंद पड़े क्रेशर खदान में शराब पीने गए। शराब पीने के दौरान करण और आकाश में शराब की मात्रा को लेकर विवाद हो गया एवं विवाद बढ़ते बढ़ते हाथापाई तक जा पहुंची। हाथापाई से बौखलाए करण द्वारा आकाश के पेट एवं सीने में चाकू मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया एवं मौके से फरार हो गया। आकाश को भागते हुए देखकर अन्य दोस्त भी मौके से फरार हो गए। उपस्थित भीड़ के द्वारा 112 के माध्यम से घायल युवक को सिम्स बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। वहीं उपचार के दौरान आकाश की बिलासपुर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अकलतरा थाना प्रभारी मुलमुरला थाना प्रभारी एवं पामगढ़ थाना प्रभारी के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# बालिका से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** रात्रि में सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा कोटमीसोनार से गिरफ्तार कर पाक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली किआरोपी प्रदीप नारायण मधुकर के द्वारा 9 अगस्त की रात्रि नाबालिक बालिका को उसके घर में सूनेपन का फायदा उठाकर छेड़छाड़ किया गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा मे धारा 331(4), 74 बीएनएस 8 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। अपराध को गंभीरता से लेते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी प्रदीप नारायण मधुकर निवासी कोटमीसोनार को पकड़ा। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# सुनसान रास्ते पर लूटपाट, चार बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतरारोड़ पुलिस ने सुनसान मार्ग पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है। घटना सोमवार की रात की है, जब ग्राम नावापारा निवासी सुंदर दास महंत (50) अपने साथी स्वलाल महंत के साथ ग्राम सपोस दशकर्म में शामिल होकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। रात करीब 10 से 11 बजे के बीच ग्राम लिटाईपाली नाला पुल के पास अंधेरे में छिपे कुछ युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज, हाथ-मुक्कों व डंडों से हमला कर लूटपाट की। बदमाशों ने सुंदर दास का मोबाइल लूट लिया और मौके से भाग निकले। सुबह पीड़ित ने थाना कोतरारोड़ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। पूछताछ में पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान कृष्णा भारद्वाज लिटाईपाली के रूप में की। पुलिस ने उसे घर से पकड़ लिया, जहां उसने अपने साथियों विजय भारद्वाज लिटाईपाली, प्रदीप टंडन भजनडीपा और विरू सिदार लिटाईपाली के साथ वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि वे ग्राम लिटाईपाली के नाला पुल को अपना अड्डा बनाकर रात के समय राहगीरों को रोकते, पैसे की मांग करते और विरोध करने पर डराते-धमकाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

# चरित्र शंका पर टांगी से हमला, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

- मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता का मामला

चरित्र शंका पर पड़ोसी पर टांगी से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोता की है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पोता निवासी बसंत कुमार यादव पिता प्रेमलाल केवट उम्र 54 साल ने मालखरौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ओम कुमार केंवट नहर पार में दुकान संचालित करता है और प्रार्थी भी दुकान में था जो प्रार्थी खाना खाने रात्रि 9.30 वह बजे घर आ गया था। इसी दौरान रात्रि 11 बजे उसके दोस्त ने जानकारी दी कि लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा ओम कुमार केंवट को टांगी से जान सहित मारने की नियत से उसके ऊपर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया है। जिस पर उसने ओम कुमार केवट को पूछताछ की,उसने बताया कि लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा चरित्र शंका कर टांगी से हत्या करने के नियत से प्राण घातक वार कर चोंट पहुंचाया है। पुलिस अधीक्षक महोदया अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया। जिसके परिपालन में 11 अगस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आहत को जान से मारने के नियत से टांगी से मारपीट करना अपराध घटित करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी को 11 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली, सहायक उप निरीक्षक नजीर हुसैन, दामोदर जायसवाल, आरक्षक नन्ही यादव, सेतराम पटेल का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## प्रशासन और उद्योगों के संयुक्त प्रयास से गांव को हरा भरा रखने की तैयारी

# एक पेड़ मां के नामः 25 हेक्टेयर पर लगाए जाएंगे 25 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत औराईकला के 25 हेक्टूयर भूमि पर 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन एवं उद्योग प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से गांवों को हरा भरा रखने की तैयारी की जा रही है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 12 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत औराईकला में एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत पौधरोपण किया और कहा कि पौधों को सुरक्षित और संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। औराईकला में जिला प्रशासन और प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से 25 हेक्टेयर भूमि पर तीन चरणों में 25 हजार पौधे लगाए जाएंगे और पेड़ों की फेंसिंग, पानी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित इंडस्ट्रीज के द्वारा की जाएगी। पहले चरण में मंगलवार को आम, करंज, आँवला, अर्जुन, शीशम, सफेद, काला सिरसा, पीपल, आकेसिया, कटहल जैसे छायादार और औषधीय महत्व के पौधे लगाए गए। वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, उद्योग प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि इन स्थानों को खाली छोड़ने के बजाय पौधे लगाकर हरियाली करना ही स्थायी समाधान है। इस अभियान में उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण जमीन पर पौधारोपण होने से जमीन सुरक्षित रहेगी और प्रशासन और उद्योग द्वारा मिलकर हमारे गाँव को हरा भरा बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पौधे की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है इसलिए इसका संदेश गाँव-गाँव तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, जपं सदस्य यादमती पंचराम रात्रे, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती द्रौपदी रमाकांत साहू, सरपंच औराईकला श्रीमती अल्का सुदीप रात्रे, जिला खनि अधिकारी अनिल साहू, डिप्टी कलेक्टर पवन कोसमा, जनपद पंचायत सीईओ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



पौधरोपण अभियान में शामिल कलेक्टर एवं अन्य।

# पिकअप से लोहे का सामान चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



छोटा हाथी वाहन में लोहे का सामान चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सक्ती थाने का है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवम वर्मा पिता नंदलाल वर्मा निवासी रानीसागर पारा सक्ती का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 अगस्त की शाम अपने छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 10सी 7592 को पीला महल के सामने रोड किनारे लॉक कर खडी किया था उसके बाद अपने घर सोने के लिए चला गया। 11 अगस्त को सुबह उठकर देखा तो उक्त वाहन नहीं था। जिसका काफी पता तलाश करने पर कोई पता नही चला। इस मामले में मुखबिर की सूचना पर संदेही यश थरवानी, अशोक देवांगन तथा मनोज देवांगन से पूछताछ करने पर लोहे का नांगर को चोरी कर बेचने की योजना बना रहे थे। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफतार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस का ब्लाक स्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम राहौद में आयोजित




**राहौद।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के द्वारा देश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सगठन सृजन कार्यक्रम पामगढ़ ब्लाक स्तरीय बैठक नगर पंचायत राहौद मे आयोजित किया गया। प्रभारी उत्तम पाटले , विधायक शेषराज हरवंश की उपस्थिति में ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर नवल सिंह की नेतृत्व मे किया गया, जिसमे कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए मंडल, सेक्टर बूथ को मजबूती प्रदान करने के लिए पुनर्गठन करना, हर वर्ग, को नेतृव देने के लिए किया गया। कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद देवांगन ने किया। इस अवसर प्रदेश सचिव हर प्रसाद साहू, शाकंभरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय दिव्य, सुबोध शुक्ला, लक्ष्मण देवांगन, सुरेश तिवारी, घासीराम चौहान, देव खोटेल ओमकार रायसगर, सखीराम कश्यप, राधेश्याम नोरगे, प्रमेन्द्र यादव, योगेश बघेल,राजेंद्र गुप्ता, घनश्याम देवांगन, परम कुरै पार्षद, भवानी चंदेल, सुमित कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीम ऑफ डायमंड अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. साहू



**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के फलस्वरूप डॉ. बोधी राम साहू को टीम आफ डायमंड अवॉर्ड से प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल, प्रदेश सलाहकार अमोलक सिंह,प्रदेश संरक्षक दिलीप साहू,कुलवंत सिंह जब्बल संभाग उपाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों के द्वारा स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा व उत्कृष्ट मंच संचालक प्रतिभा, टीम भावना कार्य पर दिया गया है। इनके सम्मानित होने पर कपिल नाथ साहू,विजय प्रधान,विष्णु अवतार, कुलवंत सिंह, डॉ .शिवनारायण देवांगन आस, राजेश सोनी, डा.राघवेंद्र राठौर, सुश्री लक्ष्मी करियारे, सूरज श्रीवास देवेंद्र बरेठ,विजय यादव, ज्योति कश्यप, श्रीमति विद्या राठौर, जे.सी.साहू. केशव साहू ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक देश की शान व स्वतंत्रता का परिचायक



**बिर्रा-सेमरिया।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में तिरंगा यात्रा व स्वच्छता जागरूकता अभियान निकाला गया। तिरंगा यात्रा प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम वासियों को इस यात्रा का उद्देश्य विस्तार से बताया कि भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है यह हमारे देश की शान व हमारे स्वतंत्रता का परिचायक है। ग्राम पंचायत सेमरिया के सरपंच ईश्वरीय रामस्वरूप कश्यप ने ग्राम के जय मां सती दाई महिला समिति, पंच व गणमान्य नागरिक को साथ में लेकर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। साथ ही ग्रामीणों को हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा एवं स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को जागरुक किया।

**निधन**

### श्रीमती रामप्यारी अग्रवाल

**जैजैपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र जैजैपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल की



माता श्रीमती राम प्यारी अग्रवाल का 95 वर्ष की उम्र सोमवार 11 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 12 अगस्त को सुबह स्थानीय मुक्तिधाम जैजैपुर में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गई है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### धनीराम कश्यप

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त होमगार्ड धनीराम



कश्यप का 8 अगस्त को 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र मनीष कुमार कश्यप, प्रशांत कुमार कश्यप, मनोज कुमार कश्यप छोड़गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानिय मुक्ति धाम में किया गया। उनके अन्तिम यात्रा में बड़ी संख्या लोग शामिल हुए।

### हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मना भोजली, एक-दूसरे के कानों में भोजली खोंचकर बनाया मितान

# सांस्कृतिक, पारंपरिक व दोस्ती के अटूट प्रेम का पर्व है भोजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पर्व भोजली ग्राम पकरिया झूलन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श युवा फुटबॉल क्लब एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग से भोजली गीत पारंपरिक वेशभूषा व सर्व श्रेष्ठ भोजली के लिए पुरुस्कार रखा गया था।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गुलबदन प्रसाद सिंगसार्वा ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप कुमार मरावी जनपद सदस्य श्रीमती अनुसुईया सिंगसार्वा , ईश्वर साहू ,छोटू कश्यप अविनाश सिंह, कृष्ण कुमार सिंगसार्वा एवं पूर्व सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष कुमार सिंगसार्वा ने कहा कि हमारा सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पर्व भोजली प्रकृति फसल और दोस्ती के अटूट प्रेम का पर्व है। किसान देवी मैया भोजली से अच्छी फसल के लिए कामना करता है। छत्तीसगढ़ में भोजली के दिन एक दूसरे के कानों में भोजली डालकर मितान बनते है और वो पूरा जीवन मितान बनकर एक दूसरे का सहयोग करते है। कार्यक्रम को उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। छत्तीसगढ़ी पारम्परिक वेशभूषा में प्रथम स्थान शारदा कश्यप, द्वितीय स्थान महिमा नायक,तृतीय स्थान राधा कश्यप को मिला। भोजली गीत गायन में प्रथम स्थान सीताराम कीर्तन मण्डली, द्वितीय स्थान श्रिया कश्यप व साथीगण व तृतीय स्थान बाल कृष्ण समूह को मिला। महिला समूह भोजली में खाटू श्याम महिला समूह को प्रथम स्थान,



भोजली विसर्जन करने जाती महिलाएं एवं अन्य।

सीताराम महिला कीर्तन मण्डली द्वितीय स्थान एवं महामाया कीर्तन मण्डली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ एवं छात्रा समूह भोजली में आरती सिंगसार्वा व साथीगण को पहला स्थान महिमा नायक व साथीगण को दूसरा स्थान एवं तनु यादव व साथीगण को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 5100 द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों 3100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों 2100 और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र सिंगसार्वा ने किया। इस अवसर पर निर्णायक के भूमिका मेंसुखसागर कश्यप , शुकवारा कश्यप , जोशी, जागृति सिंगसार्वा, गणेश राठौर, गुहादास महंत, चंद्रभान मरकाम ,जगेसर श्रीवास रामफल कश्यप ,कलेश्वर यादव शैल कुमार कश्यप, शेखर पेंटर ,विनोद सिंगसार्वा अमरीका साहू, कमलेश चौबेभीशनि सूर्यवंशी,रामशरण सिंगसार्वा प्रतियोगिता के सहयोगी देवेन्द्र कुमार प्रवीण कुमार कश्यप ,रामदेव सूर्यवंशी, निर्मला कश्यप, दुर्गेश कश्यप थे।

### प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

**खरौद।** ग्राम पंचायत बोरदा में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयन करता समिति में रामनाथ, अवध बिहारी, भैना कीर्तन, रोहिदास, साहेब लाल कश्यप, बेदराम कश्यप और तुलसी राम कश्यप शामिल रहे। प्रथम पुरस्कार 1001 रोशनी कश्यप, द्वितीय पुरस्कार 701 शशि कश्यप, तृतीय पुरस्कार 501 शेष नारायण कश्यप, चतुर्थ पुरस्कार 401 श्रद्धा कश्यप, पंचम पुरस्कार 301 रामेश्वरी कश्यप, षष्टम पुरस्कार 251 शैल कुमारी, सप्तम पुरस्कार 201 रामेश्वरी कश्यप, अष्टम पुरस्कार 201 पायल, नवम पुरस्कार 101 अंजली बाई, दशम पुरस्कार 100 करण कश्यप, एकादश पुरस्कार 100 महेत्तर कश्यप को दिया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत शिवरीनारायण अध्यक्ष राहुल थवाईत, बुध्देश्वरक केशरवानी, ललित कश्यप, रामेश्वर कश्यप, शिक्षक डाक्टर शान्ति कुमार कश्यप महेन्द्र कश्यप मेलाराम कश्यप उपस्थित रहे।

## भोजली महोत्सव में शामिल हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल जांजगीर मिशन भाठापारा में आयोजित भोजली महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने भाठापारा हनुमान मंदिर परिसर में सर्वप्रथम बजरंगबली का दर्शन कर, पवित्र भोजली का आरती उतारकर पूजा-अर्चना किया तथा वहां पर श्रीफल तोड़कर सभी को प्रसाद वितरण भी किया गया। वेदमंत्र एवं भोजली गंगा की स्वर लहरों गीत के बीच भोजली को प्रणाम कर उसे धूप और दीप देखाकर भोजली की पवित्र यात्रा प्रारंभ हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, माताएं, बहने नये परिधान में भोजली को सर में लेकर यात्रा में शामिल हुये। यह यात्रा मिशन भाठापारा से कचहरी चौक होते हुये गांधी चौक होकर प्रसिद्ध भीमा तालाब में पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित किया गया, वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दुसरे को भोजली भेटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव, इंजी. रवि पाण्डेय, अरूण झाझड़िया, धर्मेन्द्र शर्मा, गोपेश्वर कहरा, गुलाबधर दीवान, हितेश यादव, गुड्डू कहरा, अजीत गढ़वाल, अमित यादव, आशीष साव, प्रदीप राठौर, गोलू दुबे, अवधेश कहरा, राजेश कटकवार, संतोष कहरा, राकेश गढ़ेवाल, सतीश शर्मा, सुशील सिंह, शिवम दिनेश, सुरेश कहरा, पुनीराम कहरा, शत्रुहन कहरा, सत्यम दिनेश, दिब्यांशु दिनेश, पवन कहरा, योगेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, माताएं, बहने उपस्थित थे।

## नगर व अंचल में धूमधाम से मनाया फ्रेंडशिप डे



**देवरी - सारागांव।** छत्तीसगढ़ी फ्रेंडशिप डे भोजली पर्व 10 अगस्त रविवार को नगर पंचायत सारागांव व ग्रामीण अंचल के देवरी , अमरूवा, सोनियापाठ , कुम्हारीकला , कुम्हारीखुर्द , कड़ारी, लछनपुर , हनुमंता , बघौदा , चोरिया, पचोरी, कचन्दा, झरना, गिधौरी, खमहिया, भुरकाडीह, मौहाडीह, दारंग, पोड़ीकला सहित आस पास के गांवों में हर्षोल्लास के साथ भोजली पर्व मनाया गया। इस पारंपरिक पर्व में गांव की महिलाएं और युवतियों ने अपने घरों से भोजली को सिर में रखकर, डीजे की धुन पर भोजली गीत ‘देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा, हमर भोजली दाई के भींजे आठों अंगा’ की गूंज के साथ तालाबों व नदियों में विसर्जन किया गया। कई गांवों में ग्राम पंचायत एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भोजली की प्रतियोगिता रखा गया था। इस प्रतियोगिता में सबसे सुंदर और अच्छा भोजली को चुनकर उसे आकर्षक इनाम भी दिया गया। इसके बाद भोजली दाई को तालाबों, नदियों में विसर्जन किया गया। इस प्रक्रिया के बाद, लोगों ने एक दूसरे को भोजली भेंट कर शुभकामनाएं दीं और परंपरा अनुसार भोजली को कान में रखकर मित्रता का संकल्प निभाया। भोजली पर्व ने गांव में सामूहिकता और मित्रता के महत्व को फिर से स्थापित किया, जहां सभी ने मिलकर इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## भोजली प्रतियोगिता में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

**डोंगाकोहरौद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भोजली महोत्सव समिति एवं ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद के द्वारा भोजली प्रतियोगिता का आयोजन ठाकुर देव चौक गौटिया पारा सानकृतिक रंग मंच वार्ड क्रमांक 16 में किया



गया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद सरपंच श्रीमती आशा दुकालू भास्कर ,विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रति निधि संजीव कुमार कौशिक उप सरपंच रथराम पटेल, पंचगण अरुण कुमार पांडेय , रामधन धीवर, रवि पटेल ,धनेद्र कश्यप, प्रदीप कुमार दुबे, प्रकाशमनी पटेल , दिग्विजय रात्रे विमला कश्यप ,माया धीवर, एवं गाँव गण मान्य नागरिक पुरुषोत्तम कौशिक, गोपाल प्रसाद कौशिक,सीताराम पटेल, पंकज कौशिक राजकुमार पटेल , अनिरुद्ध कुमार श्रीवास, श्यामनरेश पटेल, मनोज कश्यप,भागवत बनर्जी, योगेश्वर साहू अनिल भास्कर ,कीर्तन मंडली से रामचरण कश्यप, संजय कुमार कश्यप, रमेश कुमार पटेल, ओमप्रकाश, हरिशंकर, गोपी नाथ कौशिक दरश कश्यप आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी चयनित प्रतिभागियों को समिति के द्वारा प्रथम पुरस्कार. धात्री कश्यप को 2100 शील्ड मेडल, दूसरा , 1500 शील्ड मेडल, तीसरा 1001 मेडल तथा सांत्वना पुरस्कार 16 भोजली प्रतिभागियों को 100 प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामहरि कौशिक एवं रोहणी कुमार कश्यप ने किया।आभार प्रदर्शन सीताराम पटेल ने किया।

## भोजली महोत्सव में 35 प्रतिभागी सम्मानित



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के मिलन चौक में रविवार को भोजली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। गांव की माताएं, बहनें और बच्चे बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए। पूरे चौक में सुबह से ही धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल बना रहा। करीब 300 महिलाओं व बच्चों ने सजी-धजी भोजली लेकर प्रतियोगिता में भाग लिया। पारंपरिक गीतों, ढोल-नगाड़ों और सजावट ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिता में कुल 35 प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत करते समय ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। भोजली विसर्जन यात्रा नैया तालाब तक निकाली गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से तालाब में भोजली विसर्जित की और बाद में गांव के देवी-देवताओं को अर्पित करने पहुंचे। गांव के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह आयोजन हमारी परंपरा, संस्कृति और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का माध्यम है। पूरे आयोजन में भक्ति, उत्साह और मेल-मिलाप की अनूठी झलक देखने को मिली।

## कड़ारी में धूमधाम से मनाई गई भोजली पर्व



**देवरी- सारागांव।** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक भोजली पर्व ग्राम पंचायत कड़ारी में धूमधाम से मनाया गया । गांव की महिलाएं एवं युवतियों ने अपने घर से भोजली को सिर में रख कर ग्राम के नवधा गुड़ी चौक में पहुंच कर इक्कठा हुए, जहां ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक भोजली को 50 - 50 रुपए प्रोत्साहन राशि देकर गांव के सरपंच श्रीमती उषा संजय दिनकर व जनपद सदस्य सुरेश कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महिलाएं, युवतियों ने भोजली दाई को सिर में रख कर डीजे बाजे के साथ ' देवी गंगा देवी गंगा तुरंगा की धुन में नाचते गाते हुए गांव की कंकालीन दाई मंदिर होते हुए ग्राम के बड़े तालाब में विसर्जन किया गया। इस प्रक्रिया के बाद लोगों ने एक दूसरे को भोजली भेंट कर शुभकामनाएं दी और परंपरा अनुसार भोजली कान में रख कर मित्रता का संकल्प निभाया । इस मौके पर गांव के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

## सिवनी में भोजली महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन



**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्यौहार भोजली पर्व पर इसकी गरिमा और महत्वता को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसमें भाग लेने हेतु ग्राम सिवनी में भोजली महोत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। राज्य की सांस्कृतिक परम्परा को रेखांकित करते हुए इस आयोजन में इस वर्ष कुल 9 पुरस्कार नगद राशि और मोमेंटो देकर दिया गया था 10 सांत्वना पुरस्कार मेडल देकर दिया गया। इस आयोजन में ग्राम सिवनी की छोटी सी बालिका राशि तिवारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । मुख्य कार्यक्रम बंगला चौक में आयोजित था जहां सभी विजेता को भोजली विसर्जन पश्चाद् पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर, जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर, सरपंच कृष्ण कुमारी शिव सिंह ,उप सरपंच गोविंद राठौर सभी पंचगण तथा वर्तमान और पूर्व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी को पुरस्कार देकर आने वाले वर्ष में और उत्साह के साथ भाग लेने को कहा गया।

## छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनी माता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

डॉ अंबेडकर के प्रतिमा स्थल के सामने छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद ममता मयी माता मिनीमाता की पुण्यतिथि 11 अगस्त को मनाई गई। कार्यक्रम जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजन में एवं जांजगीर-चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय मिनी माता के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। साथ ही स्वर्गीय मिनी माता द्वारा सांसद पद पर रहते छत्तीसगढ़ के विकास पर किए गए योगदान पर विचार गोष्ठी आयोजित किए, जिसमें जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा , पिछड़ा वर्ग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, वरिष्ठ कांग्रेसी देवेश सिंह ने स्व मिनी माता जी के जीवनी एवं छत्तीसगढ़ के विकास में उनके योगदान पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्धकी ने एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष



श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसजन।

देव कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुघ्न दास महंत,अजित सिंह राणा, अनिल राठौर, आभास बोस,अनिल चौरसिया, सुखराम गरेवाल, परमेश्वर निर्मले,संतोष बबई गढ़वाल, चंद्र कुमार ओग्रे ,मुस्कान परवीन, शशिकांता हंसेलिया, पार्षद विष्णु यादव, अरमान खान,राजा सिद्धकी,विजय गढवाल, अशोक सोनवानी ,कमलेश ताम्रकार, अंशु यादव, भैरव मिश्रा , मनोहर प्रधान, अविनाश राठौर चंपा प्रधान, मुन्नी रात्रे , रोशनी, देवेंद्र दिनकर, राजू शर्मा अविनाश चौबे, महेश खरे, रवि कांत कश्यप , जितेंद्र दिनकर सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

## प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भंवतरा में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद-भंवतरा

ग्राम पंचायत भंवतरा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सीएमसी के सदस्यों तथा पालकों का बैठक आयोजित कर आगमी स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक मानने तथा शाला संचालन, शैक्षिक गतिविधि के बारे चर्चा एवं मार्गदर्शन लिया गया। तपश्चात न्योता भोज कराया गया।

न्योता भोजन में सीएमसी के सदस्यों व पालकों के द्वारा बच्चों को अपने हाथों से पौष्टिक दाल,चांवल, पूड़ी सब्जी परोसा गया। सीएमसी सदस्य, पालकगण शिक्षकों ने साथ मिलकर भोजन किया । वहीं अध्ययनरत छात्रों ने छत्तीसगढ़ की



पारंपरिक पर्व भोजली पर्व को शाला परिसर में मनाते हुए सुआ नृत्य, एवं भोजली नृत्य का मनमोहक प्रस्तुति किया गया उसके बाद उपस्थित सीएमसी के सदस्य एवं पालक द्वारा छात्रों को टाई ,बेल्ट आईडी कार्ड, लोवर टीशर्ट का वितरण किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के एल निर्मलकर, शिक्षक डोंगर कुमार साहू, संतोष टंडन, श्रीमती प्रतीक्षा शुक्ला, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के के साहू, शिक्षक गांगेय कुमार पांडेय, राजू दुबे,मध्यान्ह समूह के सभी सदस्य, सीएमसी के सदस्य, पालकगण, एवं ग्राम के अन्य वरिष्ठ नागरिक तथा विशेष अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य फिरोज एक्का उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

# सड़क पर मवेशियों को खुला छोड़ने पर मालिकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे, साथ में एसपी विजय पांडेय।

गरिमामय रूप से आयोजित किया जाए और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा सहित अन्य सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद परिवारों को सम्मान, आमंत्रित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में रोशनी करने को कहा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारी को लेकर विभागवार आयोजन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं पिछले 25 वर्षों में विभागों द्वारा किए गए कार्यों को समाहित करते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त से 31 मार्च 2026 का आयोजित की जाएगी, जिसमें शासन की उपलब्धियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

## सेवाकेंद्र के सदस्यों ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

**अकलतरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व् विद्यालय अकलतरा सेवाकेंद्र के सदस्यों ने पुलिस थाना मे थाना प्रभारी भास्कर शर्मा सश को रक्षाबंधन की पर्व पर आत्मिक तिलक लगाकर् राखी बांधी व मुख मीठा कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानीत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना के समस्त पुरुष एवं महिला कर्मचारी को आत्म स्मृति तिलक लगाकर कलाई मे राखी बांधी। सेवा केंद्र प्रभारी बी के भुवनेश्वरी ने रक्षा बंधन का महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि ललाट पर तिलक लगाना यह आध्यात्मिक रूप से आत्म स्मृति का तिलक है। मुंह मिठा क्रांति काआध्यत्मिक रहस्य कि मुख से सदैव मीठे बोल निकले। शास्त्रों मे वर्णित कथा भी है कि देवासुर संग्राम के समय राजा इंद्र को



भी इन्द्राणी ने रक्षा सूत्र बांधकर विजय दिलाई थी। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी नामक एक पवित्र धागा बाँधती हैं, जो उनके भाइयों की भलाई के लिए उनके प्यार और प्रार्थना का प्रतीक है। बदले में, भाई जीवन भर अपनी बहनों की रक्षा और समर्थन करने का वचन देते हैं। इस दौरान सभी को मेडिटेशन भी कराया गया। कार्यक्रम में शुभम ,सोनू ,सुमित,पूनम एवं सेवा केंद्र के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## हर घर तिरंगा अभियान से गूंजा देशभक्ति का माहौल



**सक्ती।** आजादी का अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सक्ती में देशभक्ति का अनूठा संदेश देते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत सीईओ वासु जैन के निर्देशानुसार यह पहल सुनिश्चित की गई है कि पूर्ण हो चुके सभी प्रधानमंत्री आवासों में तिरंगा लहराया जाएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सक्ती क्षेत्र के लगभग 5000 से अधिक आवासों में तिरंगा फहराने का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जो आगामी 15 अगस्त तक निरंतर चलेगा। अभियान का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता दिवस के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी प्रबल करना है। गांव-गांव में लोग उत्साहपूर्वक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहरा रहे हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सक्ती जिले के सभी विकासखण्डों, ग्रामों और अन्य क्षेत्रों में यह अभियान पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति के साथ लगातार चल रहा है।

## शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

**मालखरौदा।** शिक्षा स्थाई समिति की बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई। बैठक में पदेन अध्यक्ष रितेश साहू एवं सचिव विकासखंड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा के कार्यालय में मंगलवार 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे हुई, जिसमें 23- 24, 24- 25 में विकास खंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में बिजली बिल भुगतान के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार युक्ति युक्त करण के तहत मर्ज हुए स्कूलों का नाम संपूर्ण जानकारी दिया गया। इसके अलावा युक्ति युक्त करण नीति के तहत इस स्कूलो को मर्ज किए जाने संबंधी नियम की जानकारी भी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया। साथ ही शैक्षणिक समन्वय के रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी दिया गया। सहायता समूह की महिलाओं को मध्यान भोजन राशि भुगतान के संबंध में अवगत कराया गया। इसके अलावा अध्यापन व्यवस्था में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी दिया गया। क्षेत्र के स्कूलों में प्राप्त राशि व खर्च के संबंध में जानकारी दिया गया। इसके साथ ही शिकायत के आधार पर शिक्षकों को अन्य स्कूलों में भेजे जाने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा सदस्य श्रीमती निर्मला बाई नेताम, मनोज कुमार सक्सेना, मनोरमा देवी चंद्रा ,रामलाल बंजारे, श्रीमती दिव्या गबेल उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय भारत्तोलन स्पर्धा के लिए सोमदेव चयनित

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला



अकलतरा के छात्र सोमदेव पांडेय कक्षा बारहवीं ने बिलासपुर में आयोजित बालक वर्ग 19 वर्ष 72 किलोग्राम संभाग स्तरीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 4 सितंबर से 7 सितंबर 2025 तक पाटन, दुर्ग में आयोजित होगा जिसमें सोमदेव पांडेय शामिल होंगे। छात्र ने यह उपलब्धि खेल शिक्षक संतोष यादव के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, पंकज दोषी, स्वप्निल जैन, विकास केडिया ,शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं स्टाफ के द्वारा छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

### कलेक्टर ने 15 अगस्त के दिन सुबह 7 बजे कार्यालयों में ध्वजारोहण के दिए निर्देश

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की तैयारी करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



समय सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 12 अगस्त को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन की तैयारियों के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 7 बजे अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण कराने के निर्देश दिए। उसके पश्चात मुख्य समारोह में शामिल होने कहा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम कॉलेज ग्राउंड जेठा में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने मैदान व्यवस्था, मंच, परेड एवं रिहर्सल, साउंड सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण कार्ड, रंगीन गुब्बारे, फूल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं शहीद परिवारों को सम्मान सहित आमंत्रित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी जनपदों और गांव गांव में चलाए जा रहे तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के संबंध में सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिलेवासियों में देशभक्ति की भावना विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि करने के लिए विभिन्न आयोजन कर लोगों को जागरूक करने कहा। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप रजत जयंती वर्ष 2025-26 का सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयो में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, एग्रीस्टेक के माध्यम से किसान पंजीयन एवं फार्मर आईडी निर्माण की स्थिति सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा किए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से शुरू कर 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विभागवार जानकारी ली तथा तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम,एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते एसपी विजय कुमार पांडेय, साथ में विधायक।

## नैला गायत्री मंदिर के पास खुलेगा पुलिस सहायता केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- विधायक के साथ पुलिस अधीक्षक के किया स्थल का निरीक्षण

जांजगीर-चांपा के विधायक व्यास कश्यप के पहल एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडे के दिशा निर्देश पर 14 अगस्त को बहुप्रतीक्षित पुलिस सहायता केंद्र नैला गायत्री मंदिर की पास खुलने जा रहा है, जिससे शहर में बढ़ रहे अपराधिक घटना पर लगाम लगेगी, वहीं असामाजिक लोगो के खिलाफ पुलिस सहायता केंद्र में शिकायत सकेंगे।

विधायक व्यास कश्यप, पुलिस अधीक्षक विजय पांडे एवं उमेश कश्यप सहित पार्षद अरमान खान एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मंगलवार 12 अगस्त मौके पर निरीक्षण किया गया। नैला स्टेशन के पास गायत्री मंदिर के बाजू लोगों को बहुप्रतीक्षित मांग थी कि यहां एक पुलिस सहायता के खोला जाए. इस पुलिस सहायता केंद्र में 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगी। जिससे स्टेशन में बाहरी लोगों के आने जाने वालो पर निगरानी रहेगी। शहर वासियों ने पुलिस सहायता केंद्र खोलने पर विधायक व्यास कश्यप का बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया है। आपको बता दे कि नैला में बहुप्रतीक्षित मांग थी कि नैला स्टेशन के पास एक पुलिस सहायता केंद्र खोला जाय, जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पांडे के दिशा निर्देश एवं विधायक व्यास कश्यप के पहल पर 14 अगस्त को विधिव उद्घाटन किया जाएगा।

## संभाग स्तरीय फुटबॉल के लिए परमेश्वरी पब्लिक स्कूल के 11 छात्रों का चयन

**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती के प्रतिभागियों का 25 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-25 में फुटबॉल प्रतियोगिता, 14 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

14 वर्ष आयु बालिका वर्ग फूटबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर में 9 छात्रों मेघा शर्मा पिता विकास शर्मा, मनीषा धीरहे पिता लच्छीराम धीरहे, काव्या देवांगन पिता ओसियर देवांगन, सोनम देवांगन पिता मुन्ना देवांगन, मुक्ति यादव पिता संतोष यादव, प्राची कसेर पिता सुरेंद्र नाथ, श्रुतिका लहरे पिता राधेश्याम लहरे, हर्षिता जायसवाल पिता शेष जायसवाल, जया यादव पिता विष्णु यादव एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में 2 छात्रा अंकिता यादव पिता लक्ष्मण यादव, निधी महंत पिता विनोद महंत का चयन संभाग स्तरीय फूटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। विगत दिनों 2 अगस्त को सक्ती में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता फूटबॉल का आयोजन किया गया था। जिसमें परमेश्वरी पब्लिक स्कूल के छात्राओं



ने भाग लिया एवं अपने अच्छा खेल का प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया कामयाब रही। विद्यालय से 11 छात्राओं का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन से पूरे विद्यालय में हर्ष एवं गर्व का माहौल बना हुआ हैं। विद्यालय समिति अध्यक्ष संतोष कुमार देवांगन एवं सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने कहा कि विद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों के अंदर छिपे हुए खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। खेल से बच्चों के छुपी हुई प्रतिभा सामने आती हैं, बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैं। खेल से क्षेत्र, माता - पिता और विद्यालय का नाम रौशन होता हैं। क्रीड़ा शिक्षिका स्वेच्छा रावत के मार्गदर्शन में फूटबॉल के सभी खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर रहे हैं।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हसौद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं कॉमर्स संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन/ऑफलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाई गई है। प्रवेश प्रक्रिया के लिए वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सी.बी.एस.ई. राज्य सरकार अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए हों एवं गणित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। साथ ही पात्र विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी स्वयं विद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

## परसाही, कटघरी एवं कटनई में बनेगा हॉट-बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को अकलतरा विकास खंड के ग्राम-परसाही (बाना), कटघरी एवं ग्राम-कटनई में हॉट-बाजार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

- विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने 1.5 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

इस दौरान उन्होंने गाँव के आम लोगों से चर्चा कर हाल-चाल जाना एवं गाँव के विकास कार्यों में हर-संभव सहयोग करने की बात कही। विदित हो कि विगत वर्ष अकलतरा अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के प्रयास से अकलतरा क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यो को स्वीकृति मिली थी जो निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आदेश जारी किया गया है।



भूमि पूजन करते विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह।

हाट-बाजार बन जाने से सब्जी विक्रेताओं एवं छोटे दुकानदारो को होगा लाभः- तीनों गावों में सर्व सुविधा युक्त हाट-बाजार (चबूतरा सह शेड निर्माण) बन जाने से सैकड़ो छोटे व्यापारियों को लाभ होगा एवं गाँव के विकास को गति मिलेगी। भूमिपूजन के अवसर पर परसाही बाना के सरपंच परमेश्वर पटेल, अयोध्या पटेल, कटघरी सरपंच भगबली नायक, कटनई सरपंच रेशम लाल मार्बल ,जनपद सदस्य केवल भारद्वाज, हरीश साहू, मोनू पटेल, रमईया कश्यप, अभिषेक पटेल, बालचंद सिंह, गुड्डा यादव, नरेंद्र भारद्वाज, थामेशर दास, राहुल टैगोर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरकारी जमीन पर कब्जा, रुका अतिरिक्त कक्ष का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रस्तावित सरकारी जमीन पर कुछ लोगो ने बेजाकब्जा कर लिया है। ऐसे में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है खास बात यह है की जिम्मेदार प्रशासनिक हमला भी इस पर कार्रवाई करने में ध्यान नहीं दे रहा है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

जन दर्शन में कलेक्टर से हुई शिकायत में बताया गया है कि शिवरीनारायण के वार्ड 14 भोगहापारा स्थित शासकीय भूमि पर नगर के व्यवसायी भाइयों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसके कारण 14 अक्टूबर 2023 से प्रस्तावित शासकीय कार्य रूका हुआ है। 14 अक्टूबर 2023 को खसरा नंबर 637 पर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण छः लाख की लागत से किए जाने का कार्यादेश ठेकेदार को किया गया है, लेकिन अवैध कब्जा होने की वजह से आज तक कार्य शुरू नहीं हो पाया। इसके लिए नगर पंचायत सीएमओ द्वारा तहसीलदार शिवरीनारायण को सीमांकन कर उक्त भूमि को खाली करवाने के लिए 3 अप्रैल 2024 व 11 जून 2024 को पत्राचार किया



गया था। बावजूद इसके सीमांकन कार्रवाई नहीं हो सकी।

**शिकायत के बाद जांच**

शिवरीनारायण के खसरा नंबर 637 पर 19 डिसमिल शासकीय जमीन स्थित है। उक्त सरकारी जमीन के संबंध में शिकायत की जानकारी नहीं है। शिकायत के बाद जांच की जाएगी।

-दिलेश्वर कश्यप,
हल्का पटवारी शिवरीनारायण

## सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय पामगढ़ में 12 अगस्त को महाविद्यालय में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर

- डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर व्याख्यान आयोजित

व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा तिरंगा मनाने के उद्देश्य को बताते हुए सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली निकल गई तथा विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने गांव में चौराहा में हर घर



कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं।

तिरंगा मनाने का शपथ लिया गया। महाविद्यालय ने छात्र-छात्राओं के बीच हर घर तिरंगा थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के यादव एवं प्राध्यापकों के द्वारा पुरस्कार स्वरूप पेन वितरित की गई। इस रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी प्रिया रोशनी सत्यम चांदनी तिलेश्वरी प्राची लक्ष्मी साहू तथा चंचल साहू का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉक्टर एस आर महेंद्र सर प्रोफेसर डॉक्टर एसके त्रिपाठी सर डॉ आशीष तिवारी प्रोफेसर मीरा टंडन प्रोफेसर चांदनी मैडम प्रोफेसर संतोषी उरांव प्रोफेसर लक्ष्मी गौरी कुजूर उपस्थित रहे।

## खरौद समेत आसपास के गांवों में चला नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमशांति भवन सेवाकेंद्र खरौद द्वारा नशा मुक्त भारत

- छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने किया गया जागरूक

अभियान रैली का आयोजन किया गया।

खरौद एवं आस पास के गांवों में नशा मुक्ति कार्यक्रम चलाया गया। मांउट आबू राजस्थान से शिव संदेश रथ का आगमन हुआ। 7 अगस्त को रथ के आगमन पर नगर पंचायत खरौद के अध्यक्ष गोविन्द यादव, सुबोध शुक्ला, उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षद गण द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया।




नशामुक्ति के खिलाफ जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं व ब्रह्मकुमारी।

खरौद सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कुमंजू दीदी के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान रैली सभी स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाओं, समस्त छात्रों को प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। रैली के साथ पाम्पलेट, प्रोजेक्टर शो के द्वारा नशा के कारण होने वाले समस्याओं से अवगत कराया गया। संस्था के समर्पित भाई बहनों ने शिव बाबा का झंडा हाथों में लेकर पूरे समय कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। खरौद नगर की महिला समूह जो कि नगर में नशा मुक्ति के लिए अथक प्रयास करती हैं उनका भी सहयोग प्राप्त हुआ। खरौद, के सभी स्कूल, कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, शिवरीनारायण के स्कूल, कालेज,देवरी,लोहर्सी के सभी स्कूलों में नशा मुक्ति भारत रथ का कार्यक्रम बहुत अच्छे सम्पन्न हुआ। स्कूल कालेज के प्रिंसिपल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे समाज में जागरूकता पैदा करें एवं नई दुनिया, नया भारत, नशा मुक्त भारत अभियान में सहयोग प्रदान करें। इसके साथ ही बाजारों में, लक्ष्मणेश्वर मंदिर, एवं चौंक चौराहों में भी आम जनता के बीच जाकर नशा मुक्ति की जानकारी दी गई और उससे होने वाले नुकसान तथा उससे बचाव की जानकारी दी गई। ब्र कु मंजू दीदी ने सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। आपने अपने संबोधन में सभी से आग्रह किया कि कोई भी आश्रम में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं साप्ताहिक कोर्स के द्वारा ज्ञान प्राप्त कर जीवन समस्याओं से मुक्त हो कर सुख शांति प्राप्त कर सकते हैं।




